हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, गुरुवार,27 जून 2024

तापमान
अधिकतम 37 .6 डिग्री
न्यूनतम 27 .1 डिग्री

12 कैरम की राष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए तीन खिलाड़ियों का चयन




12 समाधान शिविर असरदार, 69 शिकायतों का समाधान



## खबर संक्षेप

### माता के मंदिर में चोरी घटना सीसीटीवी में कैद

**बराड़ा।** गांव मनका में स्थित माता के मंदिर में रात को चोरी की एक बड़ी घटना सामने आई है। मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे में दिख रहा है कि रात लगभग 12 बजे कुछ अज्ञात चोरों ने मंदिर की ग्रिल निकालकर मंदिर में प्रवेश किया। उन्होंने मंदिर में लगे कैमरों को तोड़ दिया और गल्ला तोडक़र पैसे चुरा लिए। सुबह सवा चार बजे जब मंदिर के पुजारी ने मंदिर खोला, तो उन्होंने गल्ला टूटा हुआ पाया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### विवाहिता ने फंदा लगाकर जान दी

**पानीपत।** पानीपत के गांव सिवाह में विवाहिता प्रीति पत्नी कर्मवीर ने संदिग्ध परिस्थितियों में घर पर फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है। वहीं, प्रीति के भाई अजीत निवासी गन्नौर, जिला सोनीपत ससुराल पक्ष पर दहेज की मांग के लिए हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले की आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### महिला की आंखों में बाइक सवार ने फेंका केमिकल

**अंबाला।** बाइक सवार बदमाश ने एक महिला के ऊपर केमिकल फेंक दिया। अंबाला शहर के जोगीवाड़ा के संजीव कुमार ने बताया कि वह 22 जून को वह अपनी पत्नी मंजू बाला व छोटे भाई की पत्नी हीना और पड़ोस के 2 बच्चों के साथ गुरुद्वारा मंजीसाहिब से वापस घर आ रहे थे। रात 11 बजे वे टीटू किराना स्टोर के पास पहुंचे। इस बीच, सामने से एक बाइक आई और बिना किसी कारण उनके ऊपर कोई केमिकल गिरा दिया।

### पंचायती भूमि से सफेदे के पेड़ चोरी

**यमुनानगर।** गांव पिपलीवाला में चोरों ने पंचायती भूमि में खड़े सफेदे के पेड़ काटकर चोरी कर लिए। बिलासपुर के खंड विकास एंव पंचायती अधिकारी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसे सूचना मिली थी कि चोरों ने पंचायती भूमि से सफेदे के पेड़ काटकर चोरी कर लिए हैं। मौके पर जाकर जांच कि तो वहां से 15 सफेदे के पेड़ कटे मिले।

# रोडवेज कर्मियों ने सरकार की वादा खिलाफी के विरोध में किया क्रमिक अनशन व प्रदर्शन

## मांगों को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम बस डिपो के महाप्रबंधक को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

हरियाणा रोड़वेज सांझा मोर्चा के बैनर तले रोडवेज कर्मचारियों ने सरकार की वादा खिलाफी के विरोध में बुधवार को बस डिपो के गेट पर एक दिवसीय क्रमिक अनशन व धरना प्रदर्शन किया। मौके पर प्रदर्शनकारियों ने सरकार के खि ला फ नारेबाजी की। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम डिपो महाप्रबंधक को अपनी मांगो से संबंधित ज्ञापन सौंपा।

■ प्रदर्शनकारियों ने सरकार के खिलाफ की नारेबाजी

बुधवार सुबद दस बजे के करीब हरियाणा रोडवेज सांझा मोर्चा से जुड़े रोड़वेज कर्मचारी यूनियनों के सदस्य यमुनानगर डिपो गेट पर एकत्र हो गए और प्रदर्शन करने लगे। इस दौरान रोडवेज कर्मचारियों ने डिपो प्रधान महीपाल सौदे, धर्मेंद्र कादियान, मुकेश पोसवाल, जगजीत सिंह व रघबीर सिंह के नेतृत्व में सुबह दस बजे से लेकर शाम चार बजे तक क्रमिक अनशन किया। मंच का संचालन डिपो सचिव राजेश कांबोज, संजीव कुमार, प्रदीप कुमार व मनिंद्र सिंह ने किया। इस दौरान रोडवेज कर्मचारियों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम महाप्रबंधक को सौंपे ज्ञापन में कहा है कि सरकार को रोड़वेज के हित में करनाल, हिसार में इंजन, पंप रिपेयर का कार्य व टायर रोसोल का कार्य गुणवत्ता को देखते हुए पूर्व की भांति करनाल व हिसार की वर्कशॉपों से करवाए जाने, गुरुग्राम में बस बॉडी निर्मित कार्य की गुणवत्ता को देखते हुए नई बसों की बॉडी निर्मित कार्य गुरुग्राम वर्कशॉप से ही करवाए जाने, रात्रि ठहराव संबंधित जारी आदेश पत्र तुरंत वापस लिए जाने, पुरानी पैंशन योजना लागू किए जाने, कौशल रोजगार निगम बंद किए जाने, कच्चे कर्मचारियों को पक्का किए जाने की मांग की। रोड़वेज कर्मचारियों ने सरकार पर एक साल से टीए व ओवर टाइम नहीं दिए जाने व तय किलोमीटर से ज्यादा काम लिए जाने का आरोप लगाया।




यमुनानगर में बस डिपो के गेट पर क्रमिक अनशन व धरना प्रदर्शन करते हुए रोड़वेज कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

### क्रमिक अनशन पर ये बैठे रोडवेज कर्मचारी

हरियाणा रोड़वेज सांझा मोर्चा के बैनर तले जिन रोड़वेज कर्मचारियों को क्रमिक अनशन पर बिठाया गया, उनमें महिपाल सिंह सौदे, जगजीत सिंह, मुकेश पोसवाल, फूल कुमार कांबोज, पंकज कांबोज, विपिन कांबोज, धमेंद्र कादियान, कमल कुमार, रघबीर सिंह, राजेश कांबोज, विजय कुमार, सुखबीर सिंह, चंद्रपाल, रघबीर पंजाबी,पवन कुमार, विजय व कर्मचारी शामिल रहे। रोड़वेज कर्मचारियों ने सरकार को उनकी मांगे जल्द पूरी नहीं किए जाने पर बड़ा आंदोलन शुरू करने के चेतावनी दी।

## कुरुक्षेत्र में रोडवेज कर्मियों ने की भूख हड़ताल



कुरुक्षेत्र। सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते रोडवेज कर्मचारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा रोडवेज कर्मचारी सांझा मोर्चा के बैनर तले प्रधान सचिव, महानिदेशक व महाप्रबंधकों की मनमानी व जारी फरमानों के विरोध में सुबह 10 बजे से लेकर 4 बजे तक धरना व भूख हड़ताल सभी यूनियनों के प्रधानों की अध्यक्षता में दिया गया। संचालन सचिवों ने किया। सांझे मोर्चे के वरिष्ठ सदस्य मायाराम उनियाल, जरनैल सिंह आर पार, सतबीर यादव, रंजीत करोड़ा ने धरने को सम्बोधित करते हुए बताया कि 23 जून 2023 की परिवहन मंत्री व उच्च अधिकारियों की अध्यक्षता में मोर्चे के प्रतिनिधि निधिमंडल की वार्ता हुई थी। इसमं कर्मचारियों की मांगों पर सहमति बनी थी। लंकिन अब तक मांगों को लागू करने के परिपत्र जारी नही किए हैं।

### 14 को परिवहन मंत्री के आवास का करेंगे घेराव

यूनियन नेताओं ने सरकार व अधिकारियों से सीधी चेतावनी देने हुए नेताओं ने कहा सरकार व अधिकारी समय रहते कर्मचारियों की समस्याओं व मांगो का समाधान करे अन्यथा 14 जुलाई की परिवहन मंत्री आवास को प्रदेश भर के सभी डिपों के कर्मचारी घेराव करके आगामी बड़े आंदोलन की घोषणा की जाएगी। भूख हड़ताल में पूर्व प्रधान बलवंत सिंह देशवाल विशेष तौर पर उपस्थित हुए। राजेश गोयल प्रधान, नरेंद्र पांचाल प्रधान, रामपाल प्रधान, राजेश मथाना, जितेंद्र शर्मा, राजेश सैनी, प्रमोद कुमार, संदीप कुमार, राकेश कुमार, शेर सिंह, नरेंद्र कुमार, हरि ओम, भोपाल सिंह, रणवीर सिंह, टिंकू, राजेश कुमार, होशियार सिंह, राकेश कुमार, धरम वीर आदि उपस्थित हुए।

# गैस सिलेंडर में आग लगने से हुआ जोरदार धमाका, घर का सामान जला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

शहर की शिवनगर कैंप कॉलोनी में एक मकान में रखे गैस सिलेंडर में अचानक आग लग गई। जिससे गैस सिलेंडर फट गया और घर में आग लग गई। आग लगने से घर में रखा काफी सामान जल गया। धमाका इतना जोरदार था कि घर की दीवारों में दरारें पड़ गई। हादसे के समय घर में आधा दर्जन लोग मौजूद थे। मगर जानी नुकसान होने से बच गया। दमकल विभाग की एक गाड़ी ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया।

■ दमकल विभाग की गाड़ी ने मौके पर पहुंचकर पाया आग पर काबू

जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश के देवरिया निवासी अमित ने बताया कि वह मेहनत मजदूरी का काम करता है और शिवनगर कैंप कॉलोनी में किराए के मकान में रहता है। वह बुधवार सुबह गैस सिलेंडर भरवा कर लेकर आया था और उसने सिलेंडर को रसोई में रख दिया था। इस दौरान गैस सिलेंडर में अचानक से आग लग गई। इस दौरान घर में वह उसकी भाभी और बच्चे थे। उसने परिवार के सदस्यों को घर से बाहर निकाला। इसके बाद अचानक ही गैस सिलेंडर में जोरदार धमाका हुआ और सिलेंडर फट गया। जिस कारण घर में आग लग गई और घर का सारा सामान जलकर राख हो गया। धमाका इतना जबरदस्त था कि घर की दीवारों में दरारें पड़ गई। धमाके की आवाज सुनकर जब अन्य लोग मौके पर इकट्ठे हुए तो हादसे की सूचना दमकल विभाग को दी। दमकल विभाग की एक गाड़ी ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया।



यमुनानगर की शिव कॉलोनी में सिलेंडर फटने से लगी आग की जानकारी देते परिवार के सदस्य।

# मुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री से मिला शिष्टमंडल

## हरियाणा यूनिवर्सिटीज पार्ट टाइम टीचर्स एसोसिएशन ने मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा यूनिवर्सिटीज पार्ट टाइम टीचर्स एसोसिएशन के सदस्यों ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और हरियाणा की शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा से मुलाकात की। पार्ट टाइम टीचर्स ने हरियाणा के मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री को ज्ञापन सौंपा। इसमें मांग रखी गई की शिक्षकों को वार्षिक 12 महीने का नियमित और समेकित वेतन समान काम समान वेतन के आधार पर दिया जाए। इसके अलावा नौकरी की सुरक्षा की मांग की ताकि पार्ट टाइम टीचर्स का भविष्य सुरक्षित हो सके। शिक्षा मंत्री ने आश्वासन दिया कि इस बारे में जानकारी प्राप्त करके जल्द ही फैसला लिया जाएगा और इस समस्या का समाधान निकाला जाएगा। मुख्यमंत्री ने बुधवार 3.जुलाई को सदस्यों को दोबारा बुलाया है ताकि इस विषय पर गहन मंथन हो सकें। कार्यकारिणी सदस्यों में एसोसिएशन के अध्यक्ष गुरविंदर सिंह, उपाध्यक्ष डा सोमपाल माल्हा, कैशियर पंकज गर्ग तथा प्रियंका मलिक, अमित मलिक आदि मौजूद रहे। अध्यक्ष गुरविंदर सिंह ने बताया कि एसोसिएशन सदस्यों ने मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री को हरियाणा के विश्व विद्यालयों में कार्य कर रहे पार्ट टाइम टीचर की अति गंभीर समस्याओं से अवगत कराया गया।

■ शिक्षकों को वार्षिक 12 महीने का नियमित और समेकित वेतन समान काम समान वेतन के आधार पर दिया जाए

### 1000 से अधिक पार्ट टाइम टीचर 2018 से कार्यरत

सदस्यों ने बताया कि शिक्षकों को नियमित और समेकित वार्षिक 12 महीने का वेतन नहीं दिया जाता बल्कि मुश्किल से 8 से 9 महीने का वेतन मिलता है, जिससे पार्ट टाइम टीचर को मानसिक और आर्थिक कष्ट होता है। 1000 से अधिक पार्ट टाइम टीचर 2018 से कार्यरत है। अलग अलग विश्वविद्यालय में इन्हे अलग अलग पदनाम दिए जाते है जैसे पार्ट टाइम टीचर्स/ गेस्ट आदि। गौरतलब है की पार्ट टाइम टीचर्स का कार्यभार भी नियमित और अनुबंध प्राध्यापकों से भी अधिक है। इसके अलावा उनकी सेवाओं का अनुभव पत्र भी उन्हें नही दिया जाता जोकि किसी भी शिक्षक की जीवन भर की उपलब्धि होती है और उनके शैक्षणिक करियर के विकास हेतु आवश्यक हैं। इससे हर प्रकार से उच्चतर शिक्षा की गुणवत्ता और विश्व विद्यालय जैसे उच्च शिक्षा संस्थान की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचती है। इस समस्या से ना केवल शिक्षक पीड़ित है बल्कि उनके परिवार भी प्रभावित हो रहे है।

# पुलिस ने 7 क्विंटल नशीले पदार्थ नष्ट किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंतरराष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस पर बुधवारको आईजी शिबास कविराज की अध्यक्षता में पकड़े गए लगभग 7 क्विंटल नशीले पदार्थों को किया गया नष्ट । मौका पर पुलिस अधीक्षक जश्नदीप सिंह रंधावा भी मौजूद रहे। नशा मुक्ति दिवस पर आईजी व एसपी की अध्यक्षता में अन्य पुलिस अधिकारियों ने गांव बाग वाला स्थित फैक्टरी थानों व मालखानो में जमा मादक पदार्थों की तस्करी में पकड़े गए मादक पदार्थों को नष्ट किया गया। कुल 92 मामलों में जब्तशुदा मादक पदार्थों में चूरापोस्त के 9 मामलों में 590 किलोग्राम 470 ग्राम चूरापोस्त, हेरोईन के 39 मामलों में 2 किलो 411 ग्राम 849 मिलिग्राम हेरोइन, गांजा के 6 मामले में 64 किलो 655 ग्राम गांजा, मेडिसन के 20 मामलों में 153 इंजेक्शन, 37,337 गोलियां, 23617 कैप्सूल, चरस के 6 मामले में 1 किलो 421 ग्राम 80 मिलिग्राम चरस व अन्य मादक पदार्थों को नियमानुसार नष्ट किया गया।

■ आईजी की अध्यक्षता में हुई कार्रवाई

आईजी ने आम नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि वह नशे से दूर रहें। नशा तस्करी करने वालों की सूचना तुरन्त पुलिस को दें जिनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जा सके। एसपी ने कहा कि पुलिस द्वारा 12 से लेकर 26 जून 2024 तक नशा मुक्त भारत अभियान चलाया गया । अभियान में पुलिस द्वारा खेल कूद प्रतियोगिताओ व जगह-जगह नशा मुक्त भारत के शपथ समारोह करवाए गए।



नशीले पदार्थों को नष्ट करते हुए पुलिस अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

# छात्रा ने आत्महत्या की, सुसाइड में पिता को जिम्मेवार ठहराया

**पानीपत।** पानीपत में बुधवार को एक छात्रा ने जहरीला पदार्थ निगल कर आत्महत्या कर ली। वहीं छात्रा ने सुसाइड नोट में इस घटना के लिए अपने पिता को जिम्मेदार ठहराया है। इधर, समालखा थाना पुलिस को दी शिकायत में मीना निवासी गांव खरक जाटान ने बताया कि करीब 19 साल पहले उसकी शादी राकेश के साथ हुई थी। उनके दो बच्चे बड़ी बेटी 16 वर्षीय शशि व पुत्र 11 वर्षीय इशांत है। उन्होंने आरोप लगाया कि राकेश शुरूआत से ही उनकी और उनके बच्चों की देखभाल नहीं करता था। वह कोई खर्चा, सामान भी नहीं देता था। वह खुद ही नौकरी कर अपना और अपने बच्चों का पालन पोषण कर रही थी और बच्चों के साथ मायके में निवास कर रही थी। उसके परिवारवालों और पंचायत ने राकेश को पत्नी-बच्चों को अपने घर ले जाने के बारे में कई बार कहा, लेकिन वह नहीं माना। मीना ने बताया कि उनकी बेटी शशि की 12वीं तक की शिक्षा भी नानका परिवार ने दी थी। अब शशि का गन्नौर के एक कॉलेज में बीएससी मेडिकल में एडमिशन करवाया था। पढ़ाई का खर्च 1.40 लाख था। वहीं पिता राकेश शशि की शिक्षा का खर्च उठाने को तैयार नहीं था, इसके चलते शशि दुखी रहती थी। इसके चलते शशि ने जहर खा का आत्महत्या कर ली। वहीं शशि ने मरने से पहले अपने पिता राकेश के खिलाफ सुसाइड नोट भी लिखा।

■ शिक्षा का खर्च उठाने को पिता तैयार नहीं था

### शराबी बेटे ने मां को पीट पीट कर मार डाला

**पानीपत।** पानीपत के हुडा सेक्टर 11/12 निवासी महेंद्र ने अपनी मां यशवंती देवी को पीट पीट कर घायल कर दिया था। स्मरणीय है कि महेंद्र शराब पीने का आदी है और शराब के लिए रुपये नहीं देने व शराब का त्याग करने का दबाव बनाने से नाराज होकर महेंद्र ने अपनी मां यशवंती के साथ मारपीट की थी। यशवंती को उनकी पुत्र सीमा ने अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां यशवंती की उपचार के दौरान मौत हो गई। इधर, सीमा की शिकायत पर थाना चांदनी बाग पुलिस ने महेंद्र के खिलाफ केस दर्ज किया। पुलिस ने यशवंती के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए पानीपत के सिविल अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया। पुलिस ने सीमा के बयान दर्ज किए और पोस्टमार्टम के बाद यशवंती का शव उसके परिजनों को सौंप दिया।

# उमस भरी गर्मी ने लोगों का निकाला पसीना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

बुधवार दोपहर को हुई हल्की वर्षा से लोगों को गर्मी से तो राहत मिली लेकिन हवा में आर्द्रता बढ़ जाने के कारण उमस का जरूर सामना करना पड़ा। उमस के चलते लोग दिनभर पसीना-पसीना होते रहे। मौसम विभाग ने अभी तापमान में उतार-चढ़ाव का पूर्वानुमान जारी किया है। चिकित्सकों ने लोगों को सेहत के प्रति गंभीर रहने और पर्याप्त मात्रा में पानी-पेय पदार्थ का सेवन करने की सलाह दी है। उमस के चलते लोगों को भीषण गर्मी का अहसास हुआ और दिनभर पसीना-पसीना होते रहे। इससे बाजारों में भीड़ कम रही। मौसम विभाग ने एक सप्ताह तक वर्षा होने का पूर्वानुमान जारी किया हुआ है। चिकित्सकों ने कम तापमान वाले उमस भरे माहौल को भीषण गर्मी से भी ज्यादा खतरनाक बताया है। चिकित्सकों का मानना है कि तापमान ज्यादा रहने से लोगों को प्यास लगती है और वह पानी पीते रहते हैं। वहीं उमस में पसीना ज्यादा निकलता है और लोगों को प्यास नहीं लगती है। ऐसे में डिहाइड्रेशन के मामले बढ़ने और पेट खराब होने की आशंका बनी रहती है। चिकित्सकों ने लोगों को पर्याप्त मात्रा में पेयजल या तरल पदार्थ का सेवन करने की सलाह दी है।

■ हल्की वर्षा होने के बाद बढ़ गई परेशानी

बैठक

केयू एनईपी-2020 लागू करने वाला देश का प्रथम विश्वविद्यालय: प्रो. सोमनाथ

# कुवि के पीजी कोर्स में राष्ट्रीय शिक्षा नीति को मिली मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा की अध्यक्षता में बुधवार को केयू सीनेट हॉल में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की एकेडमिक काउंसिल की 126वीं बैठक आयोजित की गई जिसमें विश्वविद्यालय के पीजी कोर्सिज में आगामी सत्र से राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को लागू करने की मंजूरी प्रदान की गई। इसके साथ ही थाईलैंड, इंडोनेशिया, अजरबैजान आदि देशों के विश्वविद्यालयों से कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के एमओयू को संस्तुति प्रदान की गई। लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि इसके अतिरिक्त आगामी सत्र से पीजी के कुल 88 पाठ्यक्रमों को मंजूरी प्रदान की गई। बैठक में एक वर्षीय पीजी पाठ्यक्रम तथा पांच वर्षीय इंटिग्रेटिड पाठ्यक्रम कार्यक्रम को भी मंजूरी प्रदान की गई। इसके साथ ही बैठक में पर्यावरण को संरक्षित करने के लिए विश्वविद्यालय के प्रत्येक छात्र को भविष्य में पेड़ लगाने की योजना पर भी सहमति बनी। इस योजना को सुचारू रूप से लागू करने के लिए एक कमेटी गठित की जाएगी जो इस योजना का प्रारूप निर्धारित करेगी। उन्होंने बताया कि एकेडमिक कांउसिल की 126वीं बैठक में कुल 51 प्रस्ताव पारित किए गए। बैठक की अध्यक्षता कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने की। इसके अतिरिक्त बैठक का संचालन कुलसचिव प्रो. संजीव शर्मा ने किया। मौके पर कुलसचिव प्रो. संजीव शर्मा, डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. अनिल वशिष्ठ, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. एआर चौधरी, प्रो. सुनील ढींगरा, प्रो. मंजुला चौधरी, चीफ वार्डन डॉ. जसबीर ढांडा, प्रो. रीटा दलाल, प्रो. कुसमलता, प्रो. एसपी सिंह, प्रो. हरिसिंह सैनी, डीन, निदेशक, एकेडमिक काउंसिल के सदस्य उपस्थित रहे।



कुरुक्षेत्र। बैठक में मौजूद कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा व अन्य।

# उद्यमी को धमकी देने वाले गैंगस्टर पर केस

## जिला परिषद पानीपत के वार्ड दो से पार्षद हैं रणदीप कवि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत में गैंगस्टर एवं जिला परिषद के वार्ड दो के पार्षद रणदीप कवि पर रंगदारी मांगने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगे हैं। पार्षद रणदीप ने एक महिला के कहने पर शहर के एक बड़े उद्योगपति राम प्रकाश उर्फ काकू बंसल निवासी टीडीआई हुडा सेक्टर 25 को फोन पर धमकाया। रणदीप ने फोन पर कहा कि वह जिला परिषद का चेयरमैन है, जो कहा है वो होना चाहिए। उद्योगपति बंसल का आरोप है कि उसके घर दो गुंडे भी पहुंचे, जिन्होंने कहा कि उन्हें पार्षद रणदीप ने ही भेजा है। लगातार मिल रही धमकियों से तंग आकर बंसल ने थाना चांदनी बाग पुलिस से इस मामले की शिकायत की है। इधर, इंस्पेक्टर राकेश ने बताया कि शिकायत और तथ्यों के आधार पर पार्षद, तीन अन्य नामजद व अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं, पुलिस को दी शिकायत में काकू बंसल ने बताया कि दो साल पहले सत्संग के दौरान उसकी मुलाकात नारायणगढ़ की दुर्गा कॉलोनी की महिला सुनैना गर्ग से हुई। वहीं से दोनों एक दूसरे के धर्म के भाई-बहन बन गए। दोनों में बातचीत होने लगी। परिवार का उनके घर आना-जाना भी शुरू हो गया। दोनों के बीच 50 लाख से ज्यादा का लेन-देन हुआ। अब सुनैना ने अपने पति हितेश गुप्ता के साथ मिलकर उससे प्लाट और मकान की मांग की। जिसे वह पूरा नहीं कर पाया। जिसके चलते वे उसे परेशान करने लगे। इधर, पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक रणदीप कवि पर दो दर्जन से ज्यादा संगीन क्रिमिनल मुकदमे दर्ज है। जिनमें हत्या, जान लेवा हमला, रंगदारी-फिरौती, जान से मारने की धमकियां, अपहरण जैसे मामले हैं।

■ पुलिस ने जांच शुरू की

निगम क्षेत्र में चलाया जा रहा है सौ दिवसीय स्वच्छता जागरुकता कार्यक्रम

# स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में अपने शहर को बेहतर रैंक दिलाने को करें सहयोगः पूजा

- स्वच्छ भारत मिशन की एक्टिविटी एक्सपर्ट पूजा व निगम अधिकारियों ने लोगों को स्वच्छता के लिए किया जागरुक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में ट्विन सिटी को अव्वल स्थान पर लाने के लिए नगर निगम प्रसासन द्वारा शहर में चलाए जा रहे सौ दिवसीय स्वच्छता जागरुकता कार्यक्रम के तहत बुधवार को स्वच्छ भारत मिशन की एक्टिविटी एक्सपर्ट पूजा व निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों ने डोर टू डोर जाकर शहरवासियों को स्वच्छता के लिए जागरुक किया। इस दौरान नागरिकों को समझाया गया कि वह गीले व सूखे कचरे को अलग अलग कर निगम के वाहनों में डालकर शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने में सहयोग करें। नगर निगम आयुक्त आयुष सिन्हा के निर्देशों पर ट्विन सिटी में चलाए जा रहे अभियान के तहत जोन एक में सीएसआई हरजीत सिंह व जोन दो में सीएसआई सुनील दत्त के नेतृत्व में अलग-अलग वार्डों में घर घर जाकर लोगों को स्वच्छता के लिए जागरुक किया गया। इस दौरान दोनों जोन में स्वच्छ भारत मिशन की एक्टिविटी एक्सपर्ट अर्थात गतिविधि विशेषज्ञ पूजा संबंधित सफाई निरीक्षकों के साथ शहरवासियों को जागरूक किया गया। मौके पर स्वच्छ भारत मिशन की एक्टिविटी एक्सपर्ट पूजा ने लोगों को समझाया कि गीले व सूखे कचरे के लिए अलग अलग डस्टबिन रखें। घर से निकलने वाला कचरा इन डस्टबिन में एकत्रित करें। सुबह जब उनके घर पर डोर टू डोर कचरा लेने वाला वाहन आता है तो उसमें यह कचरा अलग अलग करके डालें। खुले में कचरा डालकर गंदगी न फैलाएं। उन्होंने शहरवासियों को स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में अपने शहर को बेहतर रैंक दिलाने के लिए सहयोग करने की अपील की। इसके साथ लोगों को गीला कचरे से खाद बनाने के लिए प्रेरित किया। गीले, सूखे और ई.वेस्ट को सही तरीके से निपटान के लिए जागरूक किया। वहीं, उन्होंने सिंगल यूज प्लास्टिक व पॉलीथिन का इस्तेमाल न करने और शॉपिग के लिए घर से थैले लेकर जाने का भी आह्वान किया। इस अवसर पर सीएसआई सुनील दत्त व हरजीत सिंह ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र में रहने वाले लोग सफाई व्यवस्था के प्रति जागरूक होकर नगर निगम को सहयोग कर रहे हैं। लोगों की सोच बदल रही है और वे सूखा व गीला कचरा अलग अलग करके निगम के वाहन को दे रहे हैं। जो लोग अभी भी सूखा व गीला कचरा करके निगम के वाहन को नहीं देतेए वे भी कचरा अलग अलग करने की आदत डालें और शहर को सुंदर व स्वच्छ बनाने में सहयोग करें। इस अवसर पर सफाई निरीक्षक बिट्टू, सतबीर, सुमित व प्रदीप आदि मौजूद रहे।



यमुनानगर। स्वच्छता जागरुकता कार्यक्रम के तहत डोर टू डोर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरुक करते हुए एक्टिविटी एक्सपर्ट पूजा व निगम के अधिकारी। फोटो: हरिभूमि

## तीर्थ यात्रा पर गया था परिवार, चोरों ने घर से चुराई नकदी व आभूषण

- पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ किया केस दर्ज

यमुनानगर। शहर की प्रोफेसर कॉलोनी में तीर्थ यात्रा पर गए परिवार के सूने घर को निशाना बनाकर चोरों ने 20 हजार रुपये, सोने व चांदी के आभूषण चोरी कर लिए। जब परिवार के सदस्य वापस लौटे तो उन्हें चोरी का पता चला। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रोफेसर कॉलोनी निवासी सरिता बक्शी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह 16 जून को घर का ताला लगाकर परिवार के सभी सदस्यों के साथ तीर्थ यात्रा पर गए थे। तीर्थ यात्रा खत्म करके जब वह घर लौटे तो उन्हें खिड़की की ग्रिल टूटी मिली। जब वह अंदर गए तो सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर अलमारी का ताला टूटा हुआ था और अंदर से 20 हजार रुपये, सोने का सेट, मंगलसूत्र, सोने की चेन, पांच अंगूठियां व अन्य सामान गायब था। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## गंदगी से अटे पड़े हैं नाले, क्षेत्रवासी परेशान

- रादौर वासियों ने नपा से की नालों की सफाई करवाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर

रादौर की औढ़ कॉलोनी में बनाए गए नालों की सफाई न होने से क्षेत्रवासियों में काफी रोष है। कॉलोनी वासियों ने मानसून से पहले-पहले इन सभी नालों की सफाई करवाने की मांग की है। कॉलोनी वासियों रूस्तम, प्रदीप, शेरसिंह, राजीव आर्य, हर्ष, देशराज व लीलाराम आदि ने बताया कि मानसून का सीजन सर पर है। परंतु नगरपालिका द्वारा शहर के नालों की सफाई अभी तक नहीं करवाई गई। नालों की सफाई न होने से मानसून के सीजन में पानी की निकासी नहीं होती। जिस कारण नालियों का गंदा पानी लोगों के घरों में भर जाता है। कई बार नगरपालिका के कर्मचारियों को इसकी शिकायतें भी की गई। परंतु कर्मचारी मात्र खानापूर्ति कर समस्या से अपना पल्ला झाड़ जाते हैं। जिससे स्थानीय लोगों में नगरपालिका की कार्यप्रणाली को लेकर भारी रोष है। उन्होंने आरोप लगाया कि नगरपालिका द्वारा नालों की सफाई केवल गिने चुने क्षेत्र में करवाई जाती है। औढ़ कॉलोनी में बनाए गए नाले की सफाई आज तक नहीं की गई। वहीं नालों में बड़े पाइप डालने का कार्य भी बीच में ही छोड़ दिया गया है। जिससे स्थानीय दुकानदारों में भी भारी रोष है। गंदगी के चलते निकासी न होने से बरसात के दिनों में कॉलेज रोड की सड़क से गुजरना मुश्किल हो जाता है। उन्होंने नपा कर्मियों से नालों की शीघ्र ही सफाई करवाये जाने की मांग की।


यमुनानगर। रादौर में कॉलेज रोड पर नाले में पड़ी गंदगी। फोटो: हरिभूमि

### शीघ्र पूरा किया जाएगा सफाई कार्य

इस संबंध में नपा सचिव गुलशन कुमार ने बताया कि उन्होंने नाले व नालियों की सफाई के लिए कर्मचारियों को सख्त निर्देश दे दिए हैं। जल्द से जल्द कर्मचारी पूरे शहर के नालों की सफाई का कार्य पूरा कर लेंगे।

## मादक पदार्थों का सेवन न करने की ली शपथ

- रादौर में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ सेवन और तस्करी निरोधक दिवस

रादौर। महाराजा अग्रसेन पार्क कमेटी रादौर की ओर से बुधवार को अंतर्राष्ट्रीय मादक पदार्थ सेवन और तस्करी निरोधक दिवस मनाया गया। मौके पर सभी सदस्यों ने मादक पदाथार्ें का सेवन न करने तथा सभी को इसके प्रति जागरूक करने की शपथ ली। कमेटी के सदस्य मुकेश अरोड़ा मक्की ने कहा कि 26 जून को दुनियाभर में अंतर्राष्ट्रीय मादक पदार्थ सेवन व तस्करी निरोधक दिवस मनाया जाता है। इस दिवस को मनाने का उद्देश्य मादक पदार्थों के दुरुपयोग के साथ-साथ मादक पदार्थों के अवैध व्यापार के खिलाफ लड़ाई के लिए जागरूकता बढ़ाना है। अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ सेवन और तस्करी निरोधक दिवस सर्वप्रथम संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा वर्ष 1987 में मनाया गया था। उन्होंने कहा कि मादक द्रव्य दुरूपयोग सबसे गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं में से एक है।

## कृषि मंत्री ने सत्याग्रह के दौरान गिरफ्तारी देने वालों के परिजनों को किया सम्मानित

- रादौर में मनाया गया आपातकाल का काला दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर

भाजपा की ओर से आयोजित आपातकाल का काला दिवस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए बुधवार को कार्यकर्ता लोकतंत्र सेनानी संगठन के जिला अध्यक्ष सुशील बत्रा के नेतृत्व में रादौर से रवाना हुए। मौके पर कार्यकर्ताओं ने पार्टी के समर्थन में नारेबाजी भी की। इस दौरान कृषि मंत्री कंवरपाल बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। जबकि भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश सपरा, मलिक रोजी आनंद, मदन चौहान विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि कंवरपाल ने स्वर्गीय रामकिशन बत्रा के पुत्र सुशील बत्रा रादौर को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। साथ ही प्रदेश महामंत्री पवन सिब्बल, कृष्ण पुरी जी महाराज, रामप्रकाश जठलाना, सतपाल आदि को भी स्मृति चिन्ह व शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया। सुशील बत्रा ने बताया कि उनके पिता स्वर्गीय रामकिशन बत्रा ने आपातकाल के दौरान सत्याग्रह करते हुए गिरफ्तारी दी थी। उनको 6 महीने करनाल जेल में रखा गया। इस दौरान उनको कठिन शारीरिक व मानसिक यातानाएं भी दी गई। जिस कारण वे लंबे समय तक बीमार भी रहे। उन्होंने बताया कि 25 जून 1975 की मध्य रात्रि को जब सारा देश सो रहा था, तब तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का चुनाव न्यायालय ने रद्द कर दिया था। जिससे इंदिरा गांधी ने देश में आपातकाल की घोषणा कर दी। संविधान द्वारा दिए गए संविधान के मौलिक अधिकार स्वतः ही निलंबित हो गए थे। इंदिरा गांधी की तानाशाही समूचे भारत में स्थापित हो गई थी। अपनी कुर्सी को बचाने के लिए इंदिरा गांधी ने पूरे देश को एक बड़ी जेल के रूप में परिवर्तित कर दिया था। ऐसे समय में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ तथा कुछ दूसरे दलों ने इस बर्बर कार्रवाई के खिलाफ पूरे देश में जेल भरो सत्याग्रह का आह्वान किया था। 14 नवंबर 1975 से पूरे भारत में सत्याग्रह प्रारंभ हुआ।


यमुनानगर। रादौर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सुशील बत्रा को सम्मानित करते कृषि मंत्री कंवरपाल। फोटो: हरिभूमि

## सरकार का उद्देश्य है हर सिर को मिले छत और अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे योजना का लाभः कंवरपाल

- कृषि मंत्री ने मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के तहत जगाधरी, करनाल व पिंजौर के 4203 लाभार्थियों को किए अलॉटमेंट लेटर वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

हरियाणा कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कंवरपाल ने कहा कि प्रदेश सरकार का उद्देश्य है कि हर सिर को छत मिले और प्रदेश के अंतिम व्यक्ति को सरकार की योजनाओं का लाभ मिले। उन्होंने उक्त शब्द बुधवार को मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के तहत जगाधरी अनाज मंडी में आयोजित कार्यक्रम में कहे। इस दौरान उन्होंने जगाधरी, करनाल व पिंजौर के 4203 लाभार्थियों को अलॉटमेंट लेटर वितरित किए। कार्यक्रम में सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने विशिष्ट अतिथि के रुप में भाग लिया। मुख्यातिथि एवं हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कंवरपाल ने कार्यक्रम में जगाधरी के 3139, करनाल के 521 और पिंजौर के 543 लाभार्थियों को अलॉटमेंट लेटर वितरित किए। उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार गरीब परिवार को मुख्यधारा में लाने का प्रयास कर रही है। जिस व्यक्ति के पास अपना मकान नहीं है उसके सपने को साकार करने के लिए ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में प्लॉट अलॉटमेंट लेटर वितरित किए जा रहे हैं।

कुछ ही समय पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने करीब 9000 ग्रामीण लोगों को उनके मालिकाना हक के पत्र दिए और आज पूरे प्रदेश में 15250 लाभार्थियों को प्लॉट दिए गए हैं। जो कि अपने आप में बहुत बड़ी उपलब्धि है।

उन्होंने कहा कि सरकार ने निर्णय लिया है कि जिस गांव में पंचायती जमीन नहीं है उस गांव में गरीब व्यक्ति को प्लॉट खरीदने के लिए एक लाख रुपये देने का निर्णय लिया है।




यमुनानगर। लाभार्थियों को अलॉटमेंट लेटर वितरित करते हुए व लाभार्थियों को संबोधित करते हुए कृषि मंत्री कंवरपाल।

**भारत बने विकसित:** कृषि मंत्री कंवरपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का लक्ष्य है कि 2047 में भारत विकसित देश बने। जिसकी शुरुआत हो चुकी है। उन्होंने कहा कि भारत जब विकसित बनेगा। तब देश में गरीबों का उत्थान होगा, गरीब के सिर पर छत होगी। घर घर शौचालय होंगे, सभी को मुफ्त स्वास्थ्य सुविधा मिलेगी, बिना भेदभाव के विकास कार्य होंगे, सभी को पीने का पानी मिलेगा। इसके लिए सरकार कार्य कर रही है। भारत की अर्थव्यवस्था बड़े देश चीन, अमेरिका और इंग्लैंड से बेहतर हो रही है। मौके पर सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गरीब के उत्थान के लिए बीड़ा उठाया है। हर गरीब को सरकार की योजना का लाभ मिले इसके लिए उनके लगातार प्रयास है। इस अवसर पर उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने कृषि मंत्री कंवरपाल को, एडीसी आयुष सिन्हा ने विधायक घनश्याम दास अरोड़ा को, एसडीएम जगाधरी सोनू राम ने जिला परिषद के अध्यक्ष रमेश ठसका व शहरी विकास प्राधिकरण पिंजौर की प्रशासक वर्षा खगनवाल को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

## नशा मुक्त जीवन जीने की ली शपथ

- राजकीय महाविद्यालय छछरौली में आयोजित हुआ नशा मुक्त अभियान के तहत कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

राजकीय महाविद्यालय छछरौली में संस्थान ईक वाइआरसी यूनिट व रेड रिबन क्लब के तत्वावधान में बुधवार को नशा मुक्त अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को नशा मुक्त जीवन जीने के लिए शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य देवेंद्र सिंह लांबा ने किया। महाविद्यालय के प्राचार्य देवेंद्र सिंह लांबा ने विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नशा समाज की अन्य सभी बुराइयों की जड़ है। इसलिए हमें नशे से दूर रहना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को समझाया कि वह नशा मुक्त जीवन जीने के लिए अन्य लोगों को भी जागरुक करें। ताकि समाज नशामुक्त हो सके और इस बुराई से लोगों का बचाव किया जा सके। लांबा ने कहा कि वर्तमान में अधिकांश युवा नशा जैसी बुराई की चपेट में आकर अपना जीवन बर्बाद करने पर तुले हैं। जिससे ना केवल उन्हें नुक्सान हो रहा है, बल्कि इससे समाज में भी दुष्प्रभाव पनप रहा है। हमें समाज को बेहतर बनाने के लिए इस प्रकार की बुराइयों को दूर करने में प्रशासन का सहयोग करना चाहिए। मौके पर वाइआरसी के इंचार्ज प्रोफेसर सतबीर सिंह ने नशे से संबंधित विद्यार्थियों को शपथ दिलवाई और नशे से दूर रहकर नशा मुक्त समाज के योगदान में भूमिका निभाने के लिए विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया।


यमुनानगर। नशामुक्त कार्यक्रम में नशा मुक्त जीवन जीने की शपथ लेते हुए। फोटो: हरिभूमि

## अधिवक्ता के खाली प्लाट पर कब्जा करने का प्रयास

- पुलिस ने एक व्यक्ति को नामजद कर अन्य पर किया केस दर्ज

यमुनानगर। शहर की प्रोफेसर कॉलोनी के खाली पड़े अधिवक्ता सुभाष शर्मा के के प्लाट पर एक व्यक्ति 40-50 लोगों के साथ कब्जा करने का प्रयास किया। जब अधिवक्ता ने उसे रोका तो आरोपी ने उसके साथ अभद्रता की। सेक्टर-18 निवासी अधिवक्ता सुभाष शर्मा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी पत्नी रजनी के नाम प्रोफेसर कॉलोनी के पास 544 गज जमीन है। इस जमीन पर कानूनी रूप से 11 नवंबर 1993 को अदालत से रजनी शर्मा के हक में फैसला आ चुका है। इसके बाद साल 2015 में सिविल वाद दायर होने के बाद दाखिल खारिज भी हो चुका है, जो विधिवत रजनी के पक्ष में मंजूर है। शर्मा ने बताया कि इस जमीन पर उन्होंने चारदीवारी बना कर एक कमरा बनाया हुआ है। जिसमें उन्होंने बीरू राम को देखभाल के लिए रखा हुआ है। सुभाष शर्मा ने बताया कि इस प्लाट पर पिछले 30 साल से बिजली कनेक्शन भी रजनी शर्मा के नाम से चला आ रहा है, लेकिन अब अचानक सुनील पूनिया नाम का एक व्यक्ति 40-50 लोगों को लेकर जमीन पर कब्जा करने पहुंच गया।


## शिविर में 87 नागरिक समस्याएं लेकर पहुंचे

- जिला सचिवालय में समस्या समाधान शिविर का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

हरियाणा सरकार के निर्देशों अनुसार बुधवार को जिला सचिवालय में समस्या समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता जिला उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने की। मौके पर पुलिस अधीक्षक समेत सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। शिविर में जिले के 87 नागरिक अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। जिनका उपायुक्त द्वारा समाधान किया गया। उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने कहा कि सरकार के निर्देशानुसार रोजाना सुबह 9 बजे से 11 बजे तक जिला मुख्यालय और उपमंडल स्तर पर समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में मुख्यतः जनता से सीधे रूप से जुड़े प्रॉपर्टी आईडी, परिवार पहचान पत्र, जमीन रजिस्ट्रेशन, स्थानीय शहरी निकाय से संबंधित मकान का नक्शा तथा नो ड्यूज प्रमाण पत्र, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाएं, राशन कार्ड और राशन वितरण, बिजली, पानी व सिंचाई आदि के अलावा क्राइम संबंधित समस्याएं सुनी जा रही हैं। बुधवार को आयोजित शिविर में करीब 87 नागरिक अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे। जिनका समाधान किया गया।

उपायुक्त ने शिविर में अधिकारियों को निर्देश दिए कि समाधान शिविर में आने वाले नागरिकों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निवारण करें। नागरिकों को किसी प्रकार की दिक्कत न हो और उनको एक समस्या के लिए अधिकारियों के पास बार बार न आना पड़े।


यमुनानगर। जिला सचिवालय में आयोजित समस्या समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते अधिकारी।

रोटरी क्लब ने मनाया कस्तुरबा गांधी आश्रम रादौर की संचालिका तारा बहल का सौंवा जन्मदिन

## कभी सोचा नहीं था कि आजादी के बाद शहीदों के सपनों का भारत ऐसा होगाः बहल

- क्लब के सदस्यों ने गांधीवादी व्योवृद्ध तारा बहल के सौंवे जन्मदिन पर काटा केट और की उनकी लंबी आयु की कामना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर

रोटरी क्लब रादौर द्वारा कस्बा स्थित कस्तूरबा गांधी आश्रम में आश्रम की संचालिका एवं गांधीवादी तारा बहल का सौंवा जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान क्लब के सदस्यों ने केट काटा और तारा बहल को खिलाकर व उन्हें फूलमालाएं पहनाकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में रोटरी क्लब के सलाहाकार डॉ. एसएस सैनी व प्रधान निर्मल सिंह ने व्योवृद्ध तारा बहल को सौंवे जन्मदिन की बधाई दी और उनकी लंबी आयु के लिए प्रभु से प्रार्थना की।

क्लब के सलाहाकार डॉ. एसएस सैनी ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी से मात्र 13 वर्ष की आयु में नागपुर में मिलने के बाद 100 वर्षीय व्योवृद्ध गांधीवादी व कस्तूरबा आश्रम रादौर की संचालिका तारा बहल का जीवन बदल गया था।

वह गांधी से इतनी प्रेरित हुई कि उन्होंने आजीवन शादी नहीं की और देश व समाजहित में कार्य करते हुए गांधी जी की नीतियों को जनजन तक पहुंचाने का काम किया। व्योवृद्ध तारा बहल जिले की एकमात्र ऐसी जीवित महिला हैं जो नागपुर में पहली बार अपने बड़े भाई स्वर्गीय बैजनाथ बहल (106) के साथ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी से मिली थी। महात्मा गांधी जी से मिलने के बाद वह गांधीवादी बनकर देश की आजादी के लिए किए गए संघर्ष में भागीदार बनी। जिन्होंने देश की आजादी के लिए क्रांतिकारियों द्वारा किया गया संघर्ष अपनी आंखों से देखा।


यमुनानगर। रादौर स्थित कस्तुरबा गांधी आश्रम में आयोजित कार्यक्रम में गांधीवादी व्योवृद्ध तारा बहल का केक काटकर सौंवा जन्मदिन मनाते हुए रोटरी क्लब के सदस्य। फोटो: हरिभूमि

### देश को आजाद होते व विभाजित होते देखा

व्योवृद्ध तारा बहल ने कहा कि आज वह देश के हालातों को देखकर बेहद दुखी हैं। उनका कहना है कि उन्होंने कभी सोचा भी नहीं था कि देश की आजादी के बाद शहीदों के सपनों का भारत ऐसा होगा। 1984 में वह समाज कल्याण विभाग पंजाब से सेवानिवृत हुई थी। उन्होंने कहा कि जब भी मैं टीवी देखती हूं तो उसमें अपने देश की संसद में मौजूद सदस्य आपस में लड़ते रहते हैं। यह देश के भविष्य के बारे में नहीं सोचते कि किसी को भी देश की कोई चिंता नहीं है। जिससे कि संसद का कीमती समय बर्बाद होता है। उन्होंने कहा कि हमने अपने देश के लिए इतनी कुर्बानियां दी हैं कि हमारा देश आगे बढ़ना चाहिए। लेकिन अपने देश के विकास और तरक्की के बारे में कोई नहीं सोचता। हमें अपने देश को कैसे आगे ले चलना है। जनप्रतिनिधियों को देश के लोगों की समस्याओं को कैसे दूर करने व जनता की मांगों को कैसे पूरा किया जा सकेगाए इसके बारे में संसद में आवाज उठानी चाहिए।

### स्वार्थ सिद्ध करने के लिए जनता से करते हैं झूठे वादे

राजनीतिक दल अपने लाभ के लिए जनता से झुठे वायदे कर सरकार बना रहे हैं। जनता को मूर्ख बनाया जा रहा है। लोकतंत्र में जनता की अनदेखी हो रही है। कहने को भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। लेकिन लोकतंत्र में जनता की आवाज को सरकारे दबाने का काम कर रही है। देश को इतना तो अंग्रेजो ने भी नहीं लुटा जितना कुछ नेता लूटने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज देश में गरीबी, भूखमरी, बेरोजगारी, बढ़ती जनसंख्या, आतंकवाद, कालाबाजारी आदि समस्याएं पनप रही हैं। मौके पर पूजा माटिया, भारत माटिया, मोहनलाल अरोड़ा, देवीदयाल अरोड़ा, कर्ण चानना, ब्रह्मप्रकाश टंडन, हरजीत सिंह, संदीप सैनी, मास्टर गुरचरण सिंह आदि मौजूद रहे।

## जगाधरी सिविल अस्पताल में 28 को होगा रक्तदान शिविर

- हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कंवरपाल मुख्यातिथि के रुप में लेंगे भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

जगाधरी के नागरिक अस्पताल में 28 जून को विशेष रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में मुख्यातिथि के रुप में हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कंवरपाल भाग लेंगे। जबकि विशिष्ट अतिथि के रुप में भाजपा के जिला अध्यक्ष राजेश सपरा भाग लेंगे।

अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अनुज मंगला ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग को गंभीर मरीजों के उपचार, एक्सीडेन्ट से ग्रस्त मरीजों व शल्य चिकित्सा के दौरान आपातकालीन स्थिती में रक्त की आवश्यकता पड़ती है। उन्होंने बताया कि रक्त का अन्य कोई विकल्प नहीं है। आपातकाल में किसी भी दवा अथवा इंजेक्शन से रक्त की कमी पूरी नहीं की जा सकती है। वहीं, रक्त की इसलिए भी जरुरत रहती है कि थैलेसीमिया, हिमोफिलीया के मरीजों को समय समय पर रक्त चढ़ाना पड़ता है। डॉ. मंगला ने कहा कि रक्त की जिले में कोई कमी ना रहे और रक्त की कमी में किसी की जान ना जा सके के लिए रक्त की यूनिट एकत्र करना बेहद जरुरी है। इसलिए सिविल अस्पताल जगाधरी में 28 जून को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने आमजन से रक्तदान शिविर में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर स्वेच्छा से रक्तदान करने के लिए आहवान किया।

## खबर संक्षेप



### बैठक में उच्चतर शिक्षा के सुझावों पर किया मंथन

**कुरुक्षेत्र।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी विचार बुद्धिजीवी विभाग के राष्ट्रीय महासचिव प्रोफेसर कृष्ण चंद रल्हाण ने बताया कि उच्चतर शिक्षा से सम्बन्धित बुद्धिजीवियों की बैठक में पुरानी पेंशन बहाली, महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में खाली पद भरना, यूजीसी नियमों को लागू करना, सरकारी कालेजों में रिटायरमैंट आयु 60 वर्ष हो, सरकारी सहायता प्राप्त निजी कालेजों में रिटायर एवं नियमित स्टाफ का वेतन ट्रेजरी से हो और मैडिकल हो आदि सुझावों पर मंथन किया गया। डॉ रल्हाण ने बताया कि यह सुझाव प्रदेश मैनिफैस्टो कमेटी को भेजे जाएंगें। इस बैठक में कैथल से प्रिंसिपल डॉ एमएस खैंची, कौल से प्रिंसिपल डॉ बलबीर सिंह आदि मौजूद रहे।

### जिला परिषद की बैठक आज

**थानेसर।** जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अशोक कुमार मुंजाल ने कहा कि जिला परिषद की 121वीं बैठक का आयोजन 27 जून को प्रातः 11 बजे पंचायत भवन के सभागार में किया जाएगा। इस बैठक की अध्यक्षता जिला परिषद की चेयरमैन कंवलजीत कौर करेंगी। इस बैठक में एजेंडे के अनुसार 15वें वित्त आयोग व एसएफसी स्कीम के तहत प्राप्त राशि बारे विचार विमर्श किया जाएगा।

### साइकिल यात्रा निकाल लोगों को किया जागरूक



**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो, थाना केयूके, लोकनायक जयप्रकाश अस्पताल स्वास्थ्य विभाग और प्रयास संस्था द्वारा ब्रह्मसरोवर पर नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कैंडल मार्च निकालकर लोगों को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किया गया। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्री ओपी सिंह साहब के दिशानिदेशों एवं पुलिस अधीक्षक श्रीमती पंखुरी कुमार के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम हुआ।

### नालों की सफाई कराए प्रशासन : हरमनदीप

**पिहोवा।** कांग्रेस नेता हरमनदीप सिंह विर्क ने प्रशासन द्वारा बरसाती मौसम से पहले की जा रही नालों की सफाई के ढंग पर सवालिया निशान लगाते हुए कहा कि नालों की सफाई के बार मात्र औपचारिकता ही पूरी की जा रही है। क्योंकि सरकार व संबंधित विभाग की मंशा नदियों, नालों की सफाई करवाना नहीं अपितु इस कार्य के नाम पर भारी भरकम सरकारी रकम को इस कार्य पर खर्च किया जाना दिखाना है।

# नए नागरिक अस्पताल में मिलेंगी बेहतर चिकित्सा सुविधाएं : सुधा

## 100 बैड के साथ तैयार होगा 8 मंजिला नया अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। शहरी स्थानीय निकाय राज्यमंत्री सुभाष सुधा।

शहरी स्थानीय निकाय राज्यमंत्री सुभाष सुधा के विशेष प्रयासों से लोगों को ओर बेहतर चिकित्सा सुविधा मिलने वाली है। एलएनजेपी अस्पताल में 100 बैड का नया अस्पताल फेस 2 के तहत यह सुविधा मिलेंगी और इस कार्य के तहत 8 मंजिला भवन बनकर तैयार होगा। इस कार्य के तहत 88.52 करोड़ रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति है। कार्य के अनुरूप 36 करोड़ रुपए के सिविल वर्क के टेंडर हो चुके है। जल्द ही यहां पर कार्य शुरू हो जाएगा। शहरी स्थानीय निकाय राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने बताया कि चिकित्सा के क्षेत्र में प्रदेश सरकार द्वारा निरंतर कार्य किए जा रहे है। लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधा मिलें, इसके लिए सभी चिकित्सा सुविधाएं आमजन को उपलब्ध करवाने का काम किया जा रहा है। लोकनायक जयप्रकाश सिविल अस्पताल में प्रथम चरण के तहत 100 बैड के अस्पताल की सुविधा लोगों को मिल रही है। अब लोगों को दूसरे चरण के तहत 100 बैड के नए अस्पताल की सुविधा मिलेंगी। निसंदेह इस सुविधा के मिलने से लोगों को काफी फायदा होगा और उन्हें अपने इलाज के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। उन्होंने यह भी बताया कि आज हरियाणा के प्रत्येक नागरिक अस्पताल में सभी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही है।

कुरुक्षेत्र जिले के लोगों को भी बेहतर चिकित्सा सुविधा मिलें, इसके लिए वह प्रयासरत है। पहले चरण में उन्होंने यहीं पर 100 बैड की चिकित्सा सुविधा लोगों को उपलब्ध करवाने का काम किया और अब दूसरे चरण के तहत 100 बैड के नए अस्पताल की सौगात लोगों को मिलेंगी। उन्होंने 100 बैड के नए अस्पताल की सौगात देने के लिए हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह का आभार व्यक्त किया है।

### 6 लिफ्ट लगेंगी

उन्होंने बताया कि प्रथम तल पर एएचयू रुम, ओपीडी, पंजीकरण, रिकॉर्ड रुम, दूसरे तल पर एएचयू रुम, लेबर वार्ड, आईसोलेशन रुम, वेंटिलेटर रुम, बोर्न यूनिट आदि सुविधाएं, तृतीय तल पर ब्लड बैंक, आईसीयू वार्ड, डायलिसिस वार्ड, नर्स व डाक्टर रुम, चतुर्थ तल पर 3 आप्रेशन थियेटर, एएचयू, आईसीयू, एचडीयू आदि, पांचवे तल पर एएचयू रुम, नर्स सैक्शन, डाक्टर रुम, छटे तल पर निजी रुम, पेंट्री स्टोर, नाईट डयूटी रुम, डाक्टर लांज, सातवें तल पर एएचयू, कार्यालय रुम, पेंट्री, स्टोर, आठवें तल पर मशीन रुम व ममटी आदि होगी। इसके साथ-साथ इस भवन में 6 लिफ्ट, रैंप के साथ अन्य सुविधाएं शामिल होंगी।

### 36 करोड़ के टेंडर हो चुके

कार्यकारी अभियंता राजकुमार ने बताया कि राज्यमंत्री के विशेष प्रयासों से यह सौगात लोगों को मिलने जा रही है। उन्होंने बताया कि अस्पताल के प्रांगण में जो पुरानी बिल्डिंग है, उसे तोडकर यहां पर 100 बैड का नया अस्पताल बनाया जाएगा। इसी के तहत 36 करोड़ रुपए के सिविल वर्क के टेंडर हो चुके है और बाकी कार्य के भी टेंडर औपचारिकताएं पूरी होते ही हो जाएंगे। उन्होंने बताया कि यहां पर 8 मंजिला भवन बनेगा, जिसमें आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध होगी। बेसमेंट के तहत बिजली पैनल रुम, सीसीटीवी कंट्रोल रूम, पार्किंग की सुविधा, एचवीएसी प्लांट रुम व फायर डक्ट आदि सुविधाएं होगी। इसी प्रकार ग्राउंड फ्लोर पर एएचयू रुम, पेंट्री, सैंपल कलेक्शन रुम, अर्श क्लीनिक, ओपीडी, लैप्रोस्कोपी रुम, ड्रेसिंग रुम, डेंटल ओपीडी, एमएलआर रुम आदि शामिल है।

## ट्यूबवेल की मोटर खराब होने के चलते जूझ रहे लोग

# इंदिरा कालोनी में पीने के पानी की किल्लत से मचा हाहाकार

### प्रशासन व जनस्वास्थ्य विभाग ने पानी दिलाने के कार्य नहीं किए पूरे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

पिपली खंड के गांव गोबिंद माजरा के इंदिरा कालोनी में पीने के पानी की किल्लत से हाहाकार मचा हुआ है। पीने का पानी उपलब्ध न होने से कालोनी वासी नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं। आलम ये है कि पानी की कमी के चलते कालोनी की महिलाओं को आसपास के टयूबवेलों से पानी लाने के लिए मजबूर होना पड़ता है। दूसरी ओर पानी उपलब्ध ना होने के कारण कालोनी वासियों के अन्य कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं। कालोनी वासियों का आरोप है कि वे इस समस्या को अधिकारियों व राजनीतिक लोगों के सामने उठा चुके हैं। बावजूद इसके भीषण गर्मी के चलते उन्हें पीने का पानी नसीब नहीं हो रहा। प्रशासन व जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा गर्मी सीजन के दौरान लोगों को पीने का पानी उपलब्ध करवाने के दावे किए जा रहे हैं, लेकिन ये दावे हकीकत से कोसों दूर हैं। इंदिरा कालोनी के लोग भीषण गर्मी के चलते पिछले दो महीने से पानी की किल्लत से जूझ रहे हैं। इंदिरा कालोनी में जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए टयूबवेल की मोटर खराब है। उसको आज तक ठीक नहीं कराया गया। नतीजन लोगों को पीने के पानी की किल्लत से जूझना पड़ रहा है। कालोनी वासी अमीर सिंह, धर्मपाल, ओमप्रकाश, राकेश, बाती राम, बिल्लू राम, वार्ड नं० 16 ब्लाक समिति की सदस्य के प्रतिनिधि बंसी लाल, राजेश देवी, फूल कुमारी, महेंद्रो, जमेरो, श्यामो, रेखा ने बताया कि कालोनी में पिछले दो महीने से पीने के पानी का संकट बना हुआ है। कालोनी में स्थापित जनस्वास्थ्य विभाग के टयूबवेल की मोटर खराब पड़ी है। इस बारे में वे कई बार सरपंच व जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को समस्या के बारे में अवगत करा चुके हैं। पीने का पानी न मिलने के कारण उनके कार्य प्रभावित हो रहे हैं।



कुरुक्षेत्र। पानी की किल्लत को लेकर रोष प्रकट करते कालोनी वासी।

#### गांव की पाइप लाइन को कॉलोनी की पाइप लाइन से जोड़ा गया : सरपंच प्रतिनिधि

गोबिंद माजरा के सरपंच प्रतिनिधि सरदूल ने बताया कि इंदिरा कालोनी स्थित जनस्वास्थ्य विभाग के टयूबवेल की मोटर पिछले कई दिनों से खराब है। उन्होंने माना कि इसके चलते कालोनी में पीने के पानी की किल्लत है, लेकिन पंचायत की ओर से गांव की पानी की पाइप लाइन के साथ इंदिरा कालोनी के साथ जोड़ा गया है। पंचायत द्वारा कालोनी के लोगों को पीने का पानी उपलब्ध करवाने के प्रयास किए गए हैं। वे शीघ्र ही इस बारे में विभागीय अधिकारियों से बात कर समस्या का हल कराएंगे।

#### एस्टीमेट बनाकर भेजा गया उच्च अधिकारियों के पास : कार्यकारी अभियंता

जनस्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियंता सुमित गर्ग ने माना कि इंदिरा कालोनी में लगे टयूबवेल की मोटर खराब है। मोटर को ठीक करने के लिए एस्टीमेट बनाकर उच्च अधिकारियों के पास भेजा गया है। साथ ही उन्होंने बताया कि कालोनी के लोगों को पीने का पानी उपलब्ध कराने के लिए गोबिंद माजरा गांव की पानी की पाइप लाईन के साथ कालोनी की पाइप को जोड़ा गया है। उन्होंने बताया कि वीरवार को जनस्वास्थ्य विभाग की एक टीम गांव में जाकर इस समस्या का संज्ञान लेगी।

## भाजपा कार्यकाल में बने अस्पताल का नहीं हुआ शुभारम्भ : वीरभान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पिहोवा



वीरभान बाखली।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एडवोकेट वीरभान बाखली ने कहा कि भाजपा सरकार को उसकी दमनकारी नीतियों के कारण लोकसभा चुनावों में हरियाणा प्रदेश की जनता से मुहं की खानी पड़ी। उन्होंने कहा भाजपा सरकार में अफसरशाही से हर वर्ग परेशान है,लेकिन भ्र्ष्टाचार में लिप्त भाजपा उस पर जानबूझकर अंकुश नहीं लगाना चाहती, ताकि भ्ष्टाचार के छींटों से खुद को बचा सके। हल्का पिहोवा में भाजपा कार्यकाल में बने 50 बैड के हस्पताल का शुभारम्भ नहीं हुआ और लम्बे समय से निर्माणधीन ड्रेन पुल एक वर्ष से अधूरा पड़ा हुआ है। । बढ़ते पेपर लीक मामले भाजपा सरकार के भ्ष्टाचार्र की पोल खोल रहे हैं। बाखली ने कहा कि विधानसभा में हर बार बाहरी उम्मीदवार से हल्के की जनता ऊब चुकी है,जिसके कारण पिहोवा हल्का विकास के मामले में पिछड़ चुका है। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनावों में हरियाणा प्रदेश में कांग्रेस की सरकार का बनना तय है। बाखली ने कहा भाजपा कार्यकाल में विकास कार्य ठप्प पड़े हैं। फैमिली आईडी,बुढापा पैंशन, एनडीसी जैसी सुविधाओं के लिए पात्र लोग धक्के खाने को मजबूर हैं। सरकारी हस्पतालों में चिकित्सकों की कमी के चलते मरीजों को आर्थिक तंगी होते हुए भी निजी हस्पतालों का सहारा लेना पड़ता है। सरकार द्वारा बनाये आयुष्मान कई गम्भीर बीमारियों में फ्लॉप साबित हो रहे हैं।

### हरियाणा रोडवेज जागृति मंच की बैठक आयोजित

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा रोडवेज जागृति मंच रजिस्टर्ड नंबर 2089 की राज्य कार्यकारिणी कमेटी की मीटिंग डिपो के यूनियन कार्यालय में हुई। संचालन राज्य महासचिव राजबीर सैनी व राज्य सचिव अजमेर सिंह ने संयुक्त रूप से किया और मीटिंग की अध्यक्षता राज्य प्रधान सुरेंद्र सिंह ने की। राज्य प्रधान सुरेंद्र सिंह व राज्य महासचिव राजबीर सैनी द्वारा संयुक्त बयान जारी करते हुए बताया कि राज्य परिवहन से अन्य विभाग के अधिकारियों द्वारा तो उनके कर्मचारियों को फैसिलिटी दी जाती है, लेकिन हरियाणा राज्य परिवहन के अधिकारियों द्वारा चालक परिचालक कर्मचारी के अधिकारों में कटौती की जा रही है और प्रतिदिन तानाशाही फरमान जारी किए जा रहे हैं, जैसे अर्जित अवकाश में कटौती करना व अनुशासनात्मक कार्रवाई करने का पत्र जारी करना, रात्रि ठहराव में कटौती करना, चालक परिचालकों से ज्यादा ड्यूटी लेकर मानसिक व आर्थिक रूप से परेशान करना और समय-समय पर चालक परिचालक के खिलाफ पत्र जारी करना आदि। इस मौके पर राज्य कार्यकारिणी से अभिषेक शर्मा, सुनील अलेवा आदि मौजूद रहे।



## पर्यावरण संरक्षण के बारे बच्चों को किया जागरूक




कुरुक्षेत्र। बच्चों को संबोधित करते स्वामी हरिओम दास परिव्राजक।

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

बच्चों में संस्कारों व नैतिकता जैसे मूल्यों को आत्मसात करने के लिए श्रीमद्भागवदगीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय एवं महादेव गोशाला के संयुक्त तत्वाधान में चलने वाली बाल संस्कारशाला के चौथे दिन वात्सल्य वाटिका के स्वामी हरिओम दास परिव्राजक के द्वारा बच्चों का मार्गदर्शन किया गया कि सभी सुखी रहे वर्तमान में हम परिवार व समाज में राष्ट्र के लिए हम ऐसा क्या करें जिससे सभी सुखी रहे। जैसे भद्र पुरुषों को देखकर एक अच्छी अनुभूति होती है ऐसे ही हमारे द्वारा किसी को कष्ट न पहुंचे हम ऐसा क्या कर सकते हैं। हमें इस पर ध्यान देने की आवश्यकता है हम पर्यावरण का कैसे शुद्ध रख सकते हैं हमें अपने आंगन में आस-पड़ोस में तुलसी, पीपल, बरगद के वृक्ष लगाने चाहिए। जिससे वातावरण शुद्ध रहे जिससे हमारा स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा। इसलिए हमें अपने जन्म दिवस वह पर्यावरण संरक्षण के लिए खाली पड़े स्थान पर वर्ष में एक या दो वृक्ष लगाने चाहिए। विद्या के पांच अंग शारीरिक ,मानसिक, आध्यात्मिक, सामाजिक व भौतिक है स्वामी हरि ओम दास परिव्राजक ने बच्चों को अपने प्रवचन के माध्यम से जागृत किया।

## भाजपा के शासन में बेरोजगारी : संदीप

- हरियाणा में कांग्रेस सरकार का शासन स्थापित करना जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पिहोवा

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं जय ओंकार अंतर्राष्ट्रीय सेवाश्रम संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी संदीप ओंकार ने कहा कि हरियाणा 2014 से पहले प्रति व्यक्ति निवेश, रोजगार देने में देश में नंबर वन था लेकिन भाजपा के 10 साल के शासनकाल के बावजूद आज हरियाणा बेरोजगारी, महंगाई व अपराध में नंबर वन है। इसलिए जरूरी है कि प्रदेश में एक बार फिर कांग्रेस सरकार का शासन स्थापित किया जाए। संदीप ओंकार मिशन विधान सभा चुनाव 2024 के लिए चलाए जा रहे अपने जनसंपर्क अभियान के तहत उपमंड़ल के गांव रोहटी में ग्रामीणों से मिलने पहुंचे। ग्रामीणों से बातचीत के दौरान प्रदेश भाजपा सरकार पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार अपने शासन के 10 वर्ष की कोई एक उपलब्धि नहीं गिना सकती। प्रदेश व किसानों को कर्जे में डुबोने के अलावा भाजपा सरकार ने कोई कार्य नही किया। स्वामी संदीप ओंकार ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा सरकार पेपर लीक और भर्ती घोटालों के जरिए युवाओं के भविष्य से खेल रही है। नीट और यूजीसी नेट हो या फिर हरियाणा में होने वाले भर्ती घोटालों के जरिये देश-प्रदेश के युवाओं के साथ धोखा हो रहा है। अपने समर्थकों व पार्टी कार्यकताअरं में जोश भरते हुए स्वामी संदीप ओंकार ने कहा कि भाजपा सरकार को चलता करने के लिए असली लड़ाई तो तीन माह बाद होनी है लेकिन मेरे कहने से आपको तीन काम करने हैं। हलके के प्रत्येक घर तक अपनी पहुंच बनाकर मौजूदा सरकार की विफलताएं बतानी है। 2014 से पहले हरियाणा कितना खुशहाल था, यह बताएं। प्रदेश में कांग्रेस की सरकार आती है तो जनता को क्या-क्या मिलने वाला है, इसकी जानकारी भी हलका पिहोवा की जनता को दें। इस मौके पर अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।



पिहोवा। गांव रोहटी में ग्रामीणों से बातचीत करते स्वामी संदीप ओंकार।

## हरियाणा में आप तीसरी बड़ी ताकत : विशाल खुब्बड़



कुरुक्षेत्र। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते आप के जिलाध्यक्ष विशाल खुब्बड़।

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

आज आम आदमी पार्टी की जिला स्तरीय बैठक अग्रवाल धर्मशाला कुरुक्षेत्र में आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता आम आदमी पार्टी जिला अध्यक्ष विशाल खुब्बड और लोकसभा अध्यक्ष सुमित हिंदुस्तानी ने की। इस दौरान पार्टी के तमाम वरिष्ठ पदाधिकारी, कार्यकर्ता और बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं ने हरियाणा में सरकार बनाने की हुंकार भरी। विशाल खुब्बड ने कहा कि केवल तीन महीने विधानसभा चुनाव में बचे हैं इसलिए हम आज से ही विधानसभा चुनाव का शंखनाद कर रहे हैं। आज बेरोजगारी इतनी बढ़ गई है कि हर घर में पढ़ा लिखा युवा बेरोजगार बैठा है। इन्होंने बच्चों की इतनी दुर्दशा कर दी है कि वो या तो बेरोजगार बैठा है या अवैध तरीके से विदेश जा रहा है या नशे में चला गया है।

## सुशीला ममगाईं ने आजीवन पेंशन बढ़ाए जाने का किया स्वागत

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा के निर्माण से पूर्व 1965 में भारतीय जनसंघ और आर्य समाज द्वारा चलाए गए हिंदी आंदोलन के लिए केंद्रीय जेल अंबाला में साढ़े पांच महीने जेल काटने और लोमहर्षक यातनाएं सहने वाले जाने-माने साहित्यकार, लेखक एवं हरियाणा में हिंदी पत्रकारिता के पितामह स्व. डॉ. केशवानंद ममगाईं की पत्नी सुशीला ममगाईं ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा मातृभाषा सत्याग्रहियों के लिए 1 जुलाई 2024 से आजीवन मासिक पेंशन में घोषित की गई बढ़ोतरी का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा के अस्तित्व में आने से पहले 1965 में उनके पति स्व.डॉ. केशवानंद ममगाईं ने भारतीय जनसंघ की हिंदू रक्षा समिति की अपील पर अविभाजित पंजाब में हिंदी आंदोलन में बढ़-चढ़ कर भाग लिया। इसके चलते उन्हें केंद्रीय जेल अंबाला में साढ़े पांच महीने कठोर यातनाएं दी गई। हालांकि उस समय उनके पति अविवाहित थे और आर्थिक संसाधनों की कमी होने के बावजूद भी उन्होंने हिंदी को उसका सम्मान दिलाने के लिए पुरजोर संघर्ष किया। हरियाणा भारत का ऐसा इकलौता राज्य है, जिसने हिंदी भाषा के अस्तित्व को लेकर लड़ाई लड़ी और हरियाणा के हिंदी रक्षा सेनानियों को सम्मान दिलाने के लिए राज्य के जन्म वर्ष 1966 से 2015 तक इंतजार करना पड़ा। उनके पति डॉ. ममगाईं हरियाणा के ऐसे पहले व्यक्ति थे, जिन्होंने हिंदी पत्रकारिता में पीएचडी की उपाधि प्राप्त की थी और उन्हें हिंदी भाषा, हिंदी साहित्य और हिंदी पत्रकारिता के प्रति उनके अद्वितीय योगदान के कारण हरियाणा साहित्य अकादमी द्वारा 2002 में बाबू बालमुकुंद गुप्त पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष राज्य सरकार द्वारा मातृभाषा सत्याग्रहियों की मासिक पेंशन 10 हजार से बढ़ा कर 15 हजार की गई थी।



सुशीला ममगाईं।

### सरकार युवाओं के भविष्य से कर रही खिलवाड़ : स्वीटी

**शाहबाद।** कांग्रेस नेत्री स्वीटी रंगा ने कहा कि आज प्रदेश का हर वर्ग भाजपा सरकार से दुखी है। युवा बेरोजगार घूम रहे हैं और आम आदमी पर महंगाई की मार पड़ रही है। वे हल्का के गांव नगला में हुए कार्यक्रम में बोल रही थी। इससे पहले गांव वासियों ने फूलमालाएं पहना कर स्वीटी रंगा का स्वागत किया और उन्हें गांव की समस्याओं से अवगत कराया। इस दौरान स्वीटी रंगा ने कांग्रेस पार्टी की नीतियों का प्रचार प्रसार किया। स्वीटी रंगा लगातार हल्का शाहाबाद के गांव और शहर में जाकर पार्टी की नीतियों का प्रचार कर रही है। स्वीटी रंगा ने हल्का शाहाबाद के युवाओं से अपील करते हुए कहा कि वे नशे से दूर रहें क्योंकि शाहाबाद हल्के में नशा आज चरम सीमा पर है। इस कारण कई घर और जिंदगियां बर्बाद हो रही हैं।

## केयू के कॉमर्स विभाग में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा आयोजित

# एमएससी केमिस्ट्री में दाखिले के लिए 1989 अभ्यार्थियों ने दी परीक्षा

- 491 अभ्यार्थियों ने भाग लिया, 108 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे
- डॉ. अंकेश्वर प्रकाश ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के निदेर्शानुसार कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा शैक्षणिक सत्र 2024-25 के एमएससी केमिस्ट्री में दाखिले के लिए बुधवार को आर्ट्स फैकल्टी व कॉमर्स विभाग में आयोजित कॉमन प्रवेश परीक्षा में 491 अभ्यर्थियों ने भाग लिया तथा 108 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। इस अवसर पर केयू परीक्षा नियंत्रक डॉ. अंकेश्वर प्रकाश ने परीक्षा केंद्रों को निरीक्षण किया। लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि केयू प्रबंधन अध्ययन संस्थान में आयोजित एमकॉम प्रवेश परीक्षा में 234 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। उन्होंने बताया कि यूनिवर्सिटी सीनियर सेकेंडरी मॉडल स्कूल के ब्लॉक एक व दो में एमएससी मैथ के लिए आयोजित प्रवेश परीक्षा में 337 अभ्यर्थियों ने भाग लिया। एमएससी जूलॉजी में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा विधि संस्थान व कंप्यूटर साइंस विभाग में आयोजित हुई जिसमें 405 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि टूरिज्म विभाग व यूनिवर्सिटी स्कूल के ब्लॉक एक में एमएससी फिजिक्स के दाखिले के लिए आयोजित प्रवेश परीक्षा में 390 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। वहीं एमएससी फोरेंसिक साइंस के लिए प्रवेश परीक्षा में 132 अभ्यर्थी उपस्थित हुए। प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि 27 जून को एमए इतिहास विभाग की 60 सीटों के लिए प्रवेश परीक्षा प्रातः 10 बजे व एमए राजनीतिक विज्ञान की 60 सीटों के लिए प्रवेश परीक्षा 12 बजे होगी। एलएलएम में दाखिले के लिए कॉमन प्रवेश परीक्षा 28 जून को प्रातः 10 बजे, एमए मनोविज्ञान की 50 सीटों के लिए दोपहर 12 बजे तथा एमए लोक प्रशासन की 60 सीटों पर दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा दोपहर 3 बजे आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस संबंध में विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।



कुरुक्षेत्र। परीक्षा देते अभ्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### तीसरी बार बनेगी भाजपा सरकार

**बराड़ा।** भाजपा महिला मोर्चा की जिला महामंत्री सोनिया परोचा ने कहा कि प्रदेश में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी जनता के हित के लिए नित नए फैसले ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा बिजली उपभोक्ताओं को बड़ी राहत दी गई है। जनता ने अब यह ठान लिया है कि केंद्र की तर्ज पर नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में तीसरी बार भाजपा सरकार बनाएगी।

### योग शिविर का होगा आयोजन

**नारायणगढ।** भारतीय योग संस्थान द्वारा श्री सनातन धर्म महावीर दल के सहयोग से 29 जून से 3 जुलाई 2024 तक सांय 5 से 6 बजे तक पांच दिवसीय योग शिविर का आयोजन हनुमान वाटिका में किया जाएगा। संस्थान के जॉन प्रधान संजय धीमान ने बताया कि पांच दिवसीय इस शिविर में शुगर/मधुमेह, बीपी, वजन कम करने से सम्बंधित योग क्रियाओं की जानकारी देने के साथ-साथ योग की विभिन्न क्रियाएं करवाई जाएगी।

### नशे के खिलाफ किया सचेत

**शहजादपुर।** राजकीय महिला महाविद्यालय के महविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कश्मीर सिंह की अध्यक्षता में अंतर्राष्ट्रीय नशा उन्मूलन दिवस मनाया गया जिसमें छात्राओं व स्टाफ-सदस्यों ने जीवन में कभी नशा न करने व अन्य लोगों को भी नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करने की शपथ ली। इस अवसर पर बी ए प्रथम वर्ष की छात्रा नैंसी और बीएससी प्रथम वर्ष की छात्रा बेअंत कौर ने नशे के कुप्रभावों से अवगत कराया।

### योजना के तहत बनाए जा रहे कार्ड

**नारायणगढ़।** प्रदेश सरकार की महत्वकांक्षी 'हरियाणा अंत्योदय परिवार परिवहन योजना (हैप्पी)' के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों के कार्ड बनाये जा रहे है। पात्र लाभार्थी जिनकी आय एक लाख से कम है, वे सीएचसी सैंटर पर जाकर इस स्कीम का लाभ लेने के लिए आवेदन कर सकते है।

### बराड़ा में दुकान के पास से मोटरसाइकिल चोरी

**बराड़ा।** सचदेवा मोबाइल की दुकान के पास से बाईक चोरी होने का मामला सामने आया है। मालिक नीरज कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने अपनी मोटर साइकिल को दुकान के पास गली में खड़ी की थी। जब वह अपने घर जाने के लिए निकला तो देखा कि मोटर साइकिल वहां नहीं थी।

### सीआईए ने पकड़े सुअर चोरी के दो आरोपित

**सफीदों।** सीआईए स्टाफ सफीदों की टीम ने सुअर चोरी के मामले में दो आरोपियो को गिरफ्तार किया है। जानकारी देते हुए सीआईए सफीदों इंचार्ज एएसआई कमल सिंह ने बतलाया कि 26 अक्तुबर 2023 को रोहतास सिंह निवासी गांव साहनपुर ने पुलिस को दी शिकायत में कहा था कि रात को उसके फार्म से नामपता नामालुम व्यक्ति 21 सूअर चोरी करके ले गया।

# बसपा छोड़ कई गांवों से राजपूत समाज के युवा भाजपा में शामिल

- विज ने सभी को पार्टी के पटके पहनाकर उनका भारतीय जनता पार्टी में स्वागत किया और "गांव-गांव जाएंगे, कमल का फूल खिलाएंगे" के नारे जोशीले अंदाज में लगाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

पूर्व गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री श्री अनिल विज की कार्यशैली से प्रभावित होकर आज बहुजन समाज पार्टी के नेता मदनपाल राणा बसपा छोड़ कई गांवों से राजपूत समाज के सैकड़ों युवाओं सहित भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए। विज ने सभी को पार्टी के पटके पहनाकर उनका भारतीय जनता पार्टी में स्वागत किया और "गांव-गांव जाएंगे, कमल का फूल खिलाएंगे" के नारे जोशीले अंदाज में लगाए। इस मौके पर पूर्व मंत्री अनिल विज ने कहा कि मदनपाल राणा की अध्यक्षता में गांव-गांव से युवा आए हैं। उन्होंने कहा है गांव-गांव जाएंगे, कमल का फूल खिलाएंगे"। उन्होंने कहा पार्टी में शामिल हुए कार्यकर्ताओं का जोश व विश्वास देखकर पूरी तरह से लगता है कि पूरा क्षेत्र भाजपामय होगा। भाजपा में शामिल हुए मदनपाल राणा ने कहा कि युवा साथी उनके साथ भाजपा में शामिल हुए हैं और अनिल विज के नेतृत्व में हम भाजपा को और आगे ले जाने का काम करेंगे।

उन्होंने कहा अनिल विज वो शखिसयत है जिन्होंने हरियाणा के कोने-कोने में जाकर जिस प्रकार बाबा भीमराव अंबेडकर, महाराणा प्रताप व अन्य गुरूओं ने लड़कर दबे-कुचले लोगों को उठाने का काम किया। इसी प्रकार विज ने हमेशा समाज की सेवा, सम्मान और उनकी सुरक्षा का काम किया।

उन्होंने कहा हम सभी विज में आस्था रखते हुए भाजपा में शामिल हुए है। उन्हें आशा व पूरी उम्मीद है कि आने वाले समय में कमल का फूल घर-घर खिलाकर मेहनत करेंगे और अनिल विज को आगे बढ़ाने का काम करते हुए भाजपा को विजयी बनाएंगे। राणा ने पूर्व मंत्री अनिल विज को पगड़ी पहनाकर उनका सम्मान किया।

#### पूर्व मंत्री विज ने किया अभिनंदन

इस अवसर पर भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष किरणपाल चौहान, महासचिव नरेंद्र राणा, श्याम सुंदर अरोड़ा, विशाल टांगरी, रवि जाट सहित अन्य भाजपा पदाधिकारी मौजूद रहे। मदनपाल राणा के नेतृत्व में गौरव राणा, गौतम राणा, रमला राणा, मनदीप राणा, सचिन राणा, मोहित, सहदेव राणा, सौरव राणा, विकास राणा, मनजीत राणा, अरूण राणा, साहिल राणा, शुभम राणा, सुरेश राणा, जसविंद्र सिंह, कर्म सिंह, परमजीत सिंह, राजेश, हरजीत सिंह, दीपक राणा, कुलदीप सिंह, कीर्ति राणा, टिंकू राणा, हरप्रीत सिंह, प्रदीप कुमार, चंद्रपाल, संदीप राणा, देव राणा, संजीव राणा, दीवांश गुप्ता, अजय राणा, जसवंत सिंह, राहुल, जयवीर, अंकित, विकास राणा, प्रमोद राणा, चिराग, अंकित सैनी, प्रिंस सैनी, साहिल जाट, गौत्तम राणा, गुलाब सिंह, हरविंद्र सिंह, नायब सिंह, सुखविंद्र सिंह, अमन, अनीश, रविंद्र, नरेंद्र, मनजीत सिंह, पारस, दीपक, रतनलाल, शुभ सिंह, कर्णपाल, अजीत सिंह, आर्यन, दिग्विजय, विक्रम, दीवान सिंह, बंटी राणा, ललित सिंह, मक्खन सैनी, अमन, राकेश, पवन गुर्जर, संजू राणा, जसबीर राणा, महावीर राणा, सुभाष शर्मा, सुखदेव गुर्जर, लाल सिंह, तरसेमलाल, जगदीप सिंह, विजयपाल, रमेश, विजयपाल, सुरेंद्र शर्मा, जसपाल सैनी, चंद्रपाल, हरकेश, शुभम, भानू राणा, हर्षित राणा, रोबिन, शिवम, राजपाल, राज सिंह, बनवारी, नन्नू राणा, मोनू, मुकेश जाट, विपिन राणा, सुनील, कंवरपाल राणा, होशियार सिंह, सुखबीर जाट, बलबीर ने भाजपा का दामन थामा है।



**अंबाला।** भाजपा में शामिल हुए बसपा नेता मदनपाल व अन्य युवा पूर्व मंत्री अनिल विज के साथ।

## डिफॉल्टर दुकानदारों के साथ प्रॉपर्टी मालिकों के खिलाफ भी कार्रवाई की तैयारी

# 80 दुकानों पर सीलिंग की तलवार, निगम की ओर से जारी किए गए अंतिम नोटिस

निगम के खजाने में पर्याप्त फंड न आने से प्रभावित हो रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

नगर निगम की 80 दुकानों पर सीलिंग की तलवार लटक गई है। निगम की ओर से इन दुकानों के कब्जाधारकों को नोटिस जारी किए गए हैं। नोटिस के बावजूद ये दुकानदार निगम को दुकानों का किराया अदा नहीं कर रहे हैं। इस बार निगम की ओर से सभी दुकानदारों को अंतिम नोटिस भेजा गया है। उसमें साफ कहा कि अगर इसके बावजूद किराये का भुगतान नहीं किया तो फिर उनकी दुकानों को सील कर दिया जाएगा।

### लाखों रुपये किराया बकाया

नगर निगम की अंबाला शहर की अंबा मार्केट,विकास विहार, रेलवे रोड, बस स्टैंड, जगधारी गेट के पास दुकानें हैं। ये दुकानें दुकानदारों को किराये पर अलॉट की हुई हैं। काफी समय से इन दुकानों के दुकानदार किराये का नियमित भुगतान नहीं कर रहे हैं। इसी वजह से निगम का लाखों रुपये का किराया लंबित हैं। नगर निगम की संयुक्त आयुक्त अदिति ने बताया कि दुकानों का किराया न भरने वालों 80 दुकानदारों को अब सीलिंग का नोटिस भेजा गया है। उन्होंने बताया कि नोटिस के बाद कुछ दुकानदारों ने किराये का भुगतान कर दिया है। किराया जमा न करवाने वाले दुकानदारों को दूसरा व तीसरा नोटिस जारी किया गया है। इसके बावजूद इन दुकानदारों ने किराये का भुगतान नहीं किया है। इसी वजह से अब निगम की ओर से इन दुकानदारों की दुकानों को सील करने की कार्रवाई शुरू हो गई है। उन्होंने बताया कि किराये का भुगतान न करने वाले दुकानदारों के खिलाफ सख्त रुख अपनाया जा रहा है। हालांकि संयुक्त आयुक्त ने डिफॉल्टर दुकानदारों को अंतिम मौका देने की बात कही है। उन्होंने कहा कि अगर ये दुकानदार किराये का भुगतान करते हैं तो सीलिंग की कार्रवाई से बच जाएंगे। अन्यथा निगम इन दुकानदारों को कार्रवाई के लिए सूचीबद्ध कर चुका है।




**अंबाला।** नगर निगम का बाहरी दृश्य

- नोटिस के बावजूद ये दुकानदार निगम को दुकानों का किराया अदा नहीं कर रहे

#### सदन में उठ चुकी है मांग

डिप्टी मेयर राजेश मेहता ने बताया कि डिफॉल्टर दुकानदारों व प्रॉपर्टी मालिकों से रेगुलर रिकवरी की मांग सदन में उठ चुकी है। उन्होंने कहा कि इसके बावजूद निगम अफसर कभी ऐसे दुकानदारों व प्रॉपर्टी मालिकों के खिलाफ कार्रवाई नहीं करते। अगर अफसर ईमानदारी से अपना काम करें तो निगम का खजाना कभी खाली नहीं हो सकता। इससे न केवल शहर का विकास होगा बल्कि निगम की आर्थिक स्थिति भी बेहतर होगी।



#### चल रहा है रिकवरी अभियान

नगर निगम की ओर से डिफॉल्टर दुकानदारों के साथ प्रॉपर्टी मालिकों से भी रिकवरी करने का अभियान चलाया जा रहा है। दरअसल काफी समय से निगम के खजाने में दुकानों के किराये के साथ प्रॉपर्टी टैक्स जमा नहीं हो पा रहा है। इसी वजह से निगम ने सबसे पहले डिफॉल्टर दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू की है। इसके बाद डिफॉल्टर प्रॉपर्टी मालिकों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। संयुक्त आयुक्त ने बताया कि रिकवरी न होने से शहरी विकास पर भी असर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि अगर पर्याप्त पैसा निगम के खजाने में आएगा तो शहर का विकास भी बेहतर ढंग से हो पाएगा।



**अंबाला।** शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते डीसी डॉ.शालीन व अन्य।

## समाधान शिविर असरदार, 87 में से 69 शिकायतों का मौके पर ही हुआ समाधान

हरिभूमि न्यूज. अंबाला

प्रदेश सरकार द्वारा शुरू किए गए समाधान शिविर का आयोजन निरंतर किया जा रहा है। प्रत्येक कार्य दिवस पर सुबह 9 बजे से 11 बजे तक जिलास्तरीय शिविर और मंडल स्तर पर शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में बड़ी संख्या में आमजन अपनी शिकायतों को लेकर पहुंच रहे हैं।

बुधवार को डीसी कोर्ट रूम में जिलास्तरीय समाधान शिविर डीसी डॉ. शालीन की अगुवाई में आयोजित किया गया। उन्होंने आमजन की समस्याओं को सुना और उनका तत्काल समाधान किया। जिला मे कुल 87 शिकायतें समाधान शिविर में आई। इसमें से 69 शिकायतों का मौके पर ही निदान कर दिया गया। जिलास्तर शिविर में 19 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से 12 का तत्काल समाधान किया गया और बाकी 7 शिकायतों को संबंधित विभागों को तवरित समाधान के लिए भेज दिया गया। गांव डुलियानी से समाधान शिविर में आई आरती ने बताया कि वह समाधान शिविर में परिवार पहचान पत्र की समस्या को लेकर आई थी। डीसी डॉ. शालीन ने मेरी समस्या को बहुत अच्छे से सुना और वहीं पास में बैठे क्रीडा विभाग के कर्मचारियों के पास भेजा। उन्होंने मेरी पीपीपी से जुड़ी समस्या के दस्तावेज लिए और तत्काल अपडेट करके समाधान कर दिया। इस बेहतरीन पहल के लिए सीएम नायब सिंह का आभार है । अं दशमेश कॉलोनी से आए अमरजीत सिंह ने बताया कि वह समाधान शिविर में बुढ़ापा पेंशन बनवाने के लिए पहुंचा था। इससे जुड़ी समस्या डीसी डॉ. शालीन के समक्ष रखी। उन्होंने डीएसडब्लूओ के पास भेजा। उन्होंने तत्काल कार्रवाई करते हुए इस समस्या का समाधन किया और पेंशन बनाने के लिए डेटा पुश कर दिया है। जल्द ही पेंशन मिलने लगेगी। मलौर गांव से पहुंचे हरजिंद्र सिंह ने बताया कि मेरी परिवार पहचान पत्र की नई आईडी बनवाने की समस्या थी जोकि समाधान शिविर में लेकर आया था।

# कैरम की राष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए तीन खिलाड़ियों का हुआ चयन

- फरीदाबाद में आयोजित हुई प्रतियोगिता में अंबाला की टीम ने दूसरा स्थान हासिल किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

द कैरम एसोसिएशन के चेयरमैन डॉ. विकास कोहली ने विजेता खिलाड़ियों का स्वागत किया है। इस अवसर पर उन्होंने सभी खिलाड़ियों को बहुत-बहुत बधाई दी। उन्होंने बताया कि कैरम बोर्ड खेलने का सबसे बड़ा फायदा यह है कि आप किसी एक चीज पर ध्यान लगाकर उसे लक्ष्य बनाते हुए हासिल करने की कला सीखते हैं। इससे मस्तिष्क को स्मार्ट तरीके से काम करने में मदद मिलती है और दूरदर्शिता को बढ़ावा मिलता है । उन्होंने सभी खिलाडियों को और अधिक मेहनत करने और भविष्य में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया तथा उन्हें हर संभव सहायता करने का आश्वासन दिया । एसोसिएशन के सचिव रणदीप गौड़ ने बताया कि हरियाणा कैरम एसोसिएशन द्वारा फरीदाबाद में हरियाणा राज्य और अंतर-जिला कैरम चैंपियनशिप का आयोजन किया गया था। इसमें अंबाला के पुरुष व महिला वर्ग में खिलाड़ियों ने भाग लिया। उन्होंने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए महिला व पुरुष दोनों वर्गों में ही द्वितीय स्थान प्राप्त करके अंबाला का नाम रोशन किया। महिला टीम प्रतियोगिता में अंबाला की प्रवेश भाटिया, करणी देवी, सुशीला चौधरी एवं ज्योति कुमारी ने अपनी प्रतिभा दिखाते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया।पुरुष टीम प्रतियोगिता में अंबाला के अनिल कुमार, तनिष्क भाटिया, सुरेंद्र कुमार और मनोज कुमार ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान हासिल किया है। तनिष्क भाटिया जो वर्तमान में डीटीयू रोहिणी दिल्ली के बीटैक के छात्र हैं ने वरिष्ठ खिलाड़ियों को हराया।




**अंबाला।** प्रतियोगिता में दूसरा स्थान हासिल करने वाले खिलाड़ी।

# भाजपा सरकार ने डाला आम आदमी की जेब पर डाका

- गर्मी के साथ साथ महंगाई ने छुड़वाए लोगों के पसीने, कांग्रेसी नेता जैन ने भाजपा पर बोला हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

प्रदेश कांग्रेस के पूर्व कोषाध्यक्ष रोहित जैन ने मौजूदा सरकार को आढ़े हाथों लेते हुए कहा कि देश का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक पर्व खत्म होते ही मोदी सरकार ने आम आदमी की दिनचर्या की खाद्य वस्तुओं दूध-दही, दाल सब्जियों के दाम बढ़ाकर आम आदमी की जेब पर डाका डालने का काम किया है। रोजमर्रा की जरुरत की चीज़ों की कीमतें सातवें आसमान को छू रही है। उन्होंने ने कहा कि महंगाई दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है, दूध दही के दामों में पहले ही इजाफा हो चुका है। जून के महीने में गर्मी के साथ साथ महंगाई ने भी लोगों के पसीने छुड़वा दिए है। आम आदमी के भोजन की थाली में दालें पतली हो गई हैं। अब और एक माह पहले के खाद पदार्थों के रेट की बात करें तो अरहर की दाल 140 रूपये प्रति किलो से बढ़कर 180 रूपये प्रति किलो, उड़द धुली दाल 120 रूपये प्रति किलो से बढ़कर 150 रूपये प्रति किलो, उड़द साबुत दाल 110 रूपये प्रति किलो से बढ़कर 135, चने की दाल और बेसन 80 रूपये प्रति किलो से बढ़ कर 100 रूपये प्रति किलो, राजमा 130 रूपये प्रति किलो से बढ़कर 150 रूपये प्रति किलो, हल्दी 180 रूपये प्रति किलो से बढ़कर 280 रूपये प्रति किलो, चीनी 42 रूपये प्रति किलो से बढ़कर 44 रूपये प्रति किलो हो गयी है। जैन ने कहा की जहां जून माह के भीतर दालों के रेट में बेतहाशा वृद्धि हुई है। आलू, प्याज, टमाटर आदि के दामों में बेतहाशा वृद्धि ने गृहिणियों के रसोई का बजट बिगाड़ के रख दिया है। उन्होंने महंगाई का जिक्र करते हुए कहा कि अमूल और मदर डेयरी के बाद अब वीटा ने भी दूध, दही और पनीर के दाम बढ़ा दिए हैं। सीधे 2 से 25 रुपये तक का इजाफा किया गया है। दूध 2 रुपये प्रति किलोग्राम, दही 5 रुपये प्रति किलोग्राम महंगी हो गई है। पनीर के रेट में एकदम से 25 रुपये प्रति किलोग्राम का इजाफा किया गया है। उन्होंने कहा कि देश में लगातार बढ़ती महंगाई लोगों की जेब में छेद कर रही है और मोदी सरकार लोगों को कंगाल कर अपना खजाना भरने में लगी हुई है। उन्होंने सवाल किया की क्या सरकार को गरीबों की जरा सी भी चिंता है? उन्होंने कहा कि बीजेपी पूरी बेशर्मी के साथ जनता को लूट रही है। बीजेपी सरकार की गलत नीतियों की वजह से पूरा देश महंगाई की मार झेल रहा है। भाजपा ने वर्ष 2014, 2019 व 2024 के लोकसभा चुनाव सहित देशभर में हुए विधानसभा चुनावों में जनता से पेट्रोलियम पदार्थों के दाम कम करने और महंगाई पर अंकुश लगाने का वादा किया था। जनता से किये वादे जुमले बन कर रह गये हैं। देश में बुनियादी चीज़ें जनता की पहुँच से बाहर हो गयी हैं। जैन ने पुछा कि यू.पी.ए. सरकार पर महंगाई को लेकर हल्ला मचाने वाली भाजपा क्यों खामोश है। बीजेपी झूठे वादे करके सत्ता में बने रहना चाहती है। उन्होंने कहा की आने वाले विधानसभा चुनावों में कांग्रेस पार्टी बीजेपी को सत्ता से बाहर फेंक महंगाई के दानव को परास्त करेगी व भाजपा सरकार के सभी गलत निर्णयों को वह रद्द कर जनहित के कानून लागू करेगी।



**अंबाला।** मीडिया से बातचीत करते हुए कांग्रेसी नेता रोहित जैन व अन्य।

### रिहायशी भवन से कीमती सामान चोरी, जांच शुरू

**अंबाला।** बंद पड़े मकान में शातिर चोर सेंध लगाकर सोने चांदी के जेवर और बर्तन समेत अन्य सामान लेकर फरार हो गए। परिवार वापस घर लौटा तो सामान बिखरा हुआ मिला। मकान मालिक ने महेश नगर थाने में शिकायत दी। जिसके आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। अंबाला छावनी के प्रभु प्रेम आश्रम की करिश्मा शर्मा ने बताया कि वे परिवार के सभी सदस्य पंजाब के खन्ना में गए हुए थे। वे 23 जून की रात को करीब 10 बजे वापस लौटे। देखा तो घर का पूरा सामान बिखरा हुआ था। चोर हॉल में से लकड़ी की सीढ़ी लगाकर घर के अंदर घुसे थे। चोरों ने घर का कोना कोना छान दिया। चोर 1 मोबाइल फोन, चांदी के बर्तन, पायल, बच्चों के कड़े, सोने की 4 चूडियां जो कि लगभग 7-8 तोले की थी वो भी ले गए। यही नहीं, घर में लगी सभी टोंटियां भी तोड़ कर ले गए। एसी की तार, छोटा समान जैसे प्लास, तारे,और स्विच भी ले गए। महेश नगर पुलिस ने चोरी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

## 2025 तक देश को टीबी मुक्त करने का लिया संकल्प

# 43 गांव टीबी मुक्त, एडीसी ने सरपंचों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज. अंबाला

अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय के सभागार में एडीसी अपराजिता ने बुधवार को जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की ओर से टीबी मुक्त ग्राम पंचायतों को सम्मानित किया। इस अवसर पर जिला की कुल 43 ग्राम पंचायतों को सम्मानित किया गया। एडीसी अपराजिता के द्वारा ग्राम पंचायतों के सरपंचों को सम्मान पत्र और स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। एडीसी अपराजिता ने बताया कि प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत वर्ष 2025 तक देश को टीबी मुक्त करने के संकल्प को पूरा करने के लिए राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम (एनटीईपी) के तहत अंबाला जिले में 43 टीबी मुक्त ग्राम पंचायतों का चुनाव किया गया था। इन ग्राम पंचायतों में टीबी का एक भी मरीज न होने पर इन्हें टीबी मुक्त घोषित किया गया है। ग्राम पंचायतों की टीबी मुक्त की घोषणा से पूर्व कई मानकों की जांच की गई। इस क्रम में प्रत्येक ग्राम पंचायत में प्रति हजार आबादी पर 30 संभावित मरीजों की जांच, प्रति हजार की आबादी पर एक टीबी मरीज का पंजीकरण होने पर, कम से कम 80 से अधिक ठीक हुए टीबी मरीजों की ड्रग सेंसिटिव (डी.एस.) की जांच करने के उपरांत टीबी मुक्त ग्राम पंचायतों का चयन किया गया।

सिविल सर्जन डॉ. राकेश सहल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2025 तक भारत को टीबी मुक्त करने का लक्ष्य रखा है। जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान चलाकर लोगों को प्रोत्साहित कर रहे हैं। उन्होंने सम्मानित होने वाली ग्राम पंचायतो से आह्वान किया कि वे इस टीबी मुक्त गाँव का दर्ज बरकरार रखें और वर्ष 2025 तक देश से टीबी को खत्म करने में शत-प्रतिशत योगदान दें।

नोडल अधिकारी डॉ. सीमा ने बताया कि टीबी मुक्त पंचायत एक नई पहल है। जिसका उद्देश्य जिला के सभी गांवों को टीबी से जुड़ी समस्याओं को दूर करने व टीबी मुक्त गांव बनाने के उद्देश्य से शुरू की गई है।




**अंबाला।** बारे जागरूक कर उन गांवों को टीबी मुक्त बनाना हैं।

#### ये 43 गांव किए गए सम्मानित

साहिबपुरा, बेगौमाजरा, बाहपुर नकटपुर, मोटामाजरा, खन्ना माजरा, खासपुर, कुर्बानपुर, मेतलान, चूंगना, सकराहो, उदयपुर रसूलपुर, महमूदपुर, मुन्नरहेडी, ब्राहाण माजरा, छन्नी, टूंडली, शेरपुर, सुलखनी, बिकमपुर, हेमा माजरा, मुकन्द माजरा, कम्बासी, कसेरला खुर्द, मन्नु माजरा, रूकरी, सज्जन माजरी, रामपुर, आजमपुर, मुन्नामाजरा, पंजोड़ी, ओखल, टपरिया रूलदूकी, मेहताबगढ़, अल्लापुर, डूबली, घसीटपुर, पंजैल, थारवा, खुर्द, चट्टा, कलाल माजरी, खेड़की, जंगू माजरा।